प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 06.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की बिक्री बढ़ाई–4 अप्रैल को 51 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति की गई।
- राज्य में आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम का मिज़ाज फिर बदलेगा।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा–कोटा में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए साढ़े तीन सौ करोड़ रूपये की परियोजना पर जल्द काम शुरू किया जायेगा।
- भारतीय जनता पार्टी आज अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। देश और प्रदेश में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन।

00000

सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की बिक्री बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध होंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति बढ़ाने के बाद 23 मार्च से पांच किलो के लगभग छह लाख साठ हजार सिलेण्डरों की बिक्री हुई है। इन सिलेंडरों की कीमत बाजार दर पर रखी गई है और इनकी खरीद के लिए पता–प्रमाण की जरूरत नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी वितरण केन्द्र पर इन सिलेंडरों की कमी की खबर नहीं है। चार अप्रैल को 51 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति की गई और कुल मांग के 95 प्रतिशत की ऑनलाइन बुकिंग हुई।

0000

प्रदेश में एक के बाद एक लगातार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे है। इनके असर से मौसम का मिजाज बदला हुआ है और आंधी बारिश का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में आज से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे दोपहर बाद जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग तथा शेखावाटी इलाके में आंधी के साथ हल्की से मध्यम बरसात संभव है। अगले तीन दिन तक सक्रिय रहने वाले इस विक्षोभ का सबसे ज्यादा असर कल रहने के आसार है। बीते 25 दिनों में सक्रिय होने वाला ये सातवां पश्चिमी विक्षोभ होगा। वहीं कल कोटा, टोंक, करौली और श्रीगंगानगर सहित कुछ स्थानों पर बरसात हुई। जयपुर और भरतपुर संभाग में भी छुटपुट बारिश दर्ज की गई। पारे में भी उतार चढाव देखने को मिला। बाडमेर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। राजधानी जयपुर में छितराये बादल छाये रहे और धूप खिली। उधर भरतपुर में पिछले दो दिन से आई तेज आंधी और बरसात से बिजली तंत्र प्रभावित हुआ है। करीब 900 विद्युत पोल और 22 ट्रांसफार्मर गिर गये। इससे लोगों को परेशानी हुई। बिजली विभाग की ओर से सुचारू आपूर्ति के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है।

0000

गर्मी के मौसम को देखते हुए कल विशेष अभियान चलाकर प्रदेशभर में हैंडपम्पों को दुरूस्त किया गया। सभी जिलों में संबंधित अधिकारियों ने स्वयं गांव–गांव जाकर हैंडपंपों का निरीक्षण किया तथा मौके पर ही आवश्यक मरम्मत करवाकर पेयजल व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम किया। इस दौरान जिला कलेक्टर्स, सीईओ, एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ ने पीएचईडी विभाग के तकनीकी अधिकारियों के साथ हैंडपंपों के मरम्मत की आवश्यक कार्यवाही की। इससे गर्मी के मौसम में गांवों–ढाणियों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा के श्रीनाथपुरम में विकास पथ का शिलान्यास किया। ये पथ सरस डेयरी से गोबरिया बावडी के बीच 30 करोड़ रूपये की लागत से बनेगा। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि कोटा शहर के समग्र विकास के लिए बनाई गई कार्य योजना अब धरातल पर उतर रही है और इसकी झलक साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि शहर में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी साढे तीन सौ करोड की परियोजना पर जल्द काम शुरू किया जायेगा।

-----

0000

पशुपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कल पाली जिले में चणोद बांध के जीणोद्धार कार्य का शुभारम्भ किया। बाधं की मरम्मत का काम जल संसाधन विभाग की ओर से करीब सवा पांच करोड रूपये की राशि से किया जायेगा। इससे स्थानीय किसानों को सिंचाई की समूचित सुविधा मिल सकेगी।

0000

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। इसकी स्थापना 6 अप्रैल 1980 को की गई थी। इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा महज एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्रवादी सोच और वैचारिक प्रेरणा से पार्टी का जन्म हुआ है। भाजपा स्थापना दिवस के मौके पर देशभर में अनेक कार्यक्रम हो रहे है। प्रदेश स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम रखे गये है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ समर्पित भाव से काम कर रही है।

-----

भीलवाडा में भाजपा स्थापना दिवस के मौके पर कल मशाल जुलुस निकालकर आतिशबाजी की गई।

0000

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कल खैरथल तिजारा के श्यामाका में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौक पर श्री बैरवा ने कहा कि बाबा साहेब ने दुनिया के सबसे बडे संविधान का निर्माण कर देश का गौरव बढाया है।

----

नेता प्रतिपक्ष श्री जूली ने कहा कि ये प्रतिमा राष्ट्रीय एकता और धर्म निरपेक्षता का प्रतीक है। इससे नई पीढी को प्रेरणा मिलेगी।

----

0000

प्रधानमंत्री ई–बस सेवा योजना के तहत बीकानेर शहर में जल्द ही 75 हाईटेक इलेक्ट्रिक बसें चलेगी। बीकानेर के लिये 125 ई–बसों की मंजूरी मिली है। पहले चरण में 75 बसें संचालित की जायेगी। इनके शुरू होने से शहरवासियों को सस्ती, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। बसों का संचालन शहर के साथ–साथ आसपास के गांवों तक भी किया जाएगा, जिससे श्रमिकों और ग्रामीणों को सस्ती एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। ई–बसों का संचालन देशनोक, कोडमदेसर, उदासर, नाल, उदयरामसर, रायसर, शोभासर, हुसंगसर, गंगाशहर और भीनासर सहित विभिन्न क्षेत्रों तक किया जाएगा। साथ ही जूनागढ़ किला और लक्ष्मीनाथ मंदिर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक भी बस सेवा उपलब्ध होगी।

0000

जैसलमेर को खेल पर्यटन के केन्द्र के रूप में विकसित करने के प्रयास किये जा रहे है। इसके लिए शहर के इंदिरा इन्डोर स्टेडियम का कायाकल्प किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि 40 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से स्टेडियम में अत्याधुनिक खेल सुविधाएं विकसित की जा रही है।

----

0000